पाठ 7. वीर

कविता का उद्देश्य

प्रस्तुत कविता सच्चे वीरों को समर्पित है। इस कविता का उद्देश्य बच्चों को साहसी, दृढ़-निश्चयी, सहनशील तथा धैर्यवान बनने की सीख देना है।

कविता का सारांश

विपत्ति कायर व्यक्ति को ही डरा सकती है वीर पुरुष को नहीं। वीर पुरुष तो आगे बढ़कर बाधाओं को गले लगाते हैं। वीर पुरुष कष्टों को सहन करते हुए बड़ी-से-बड़ी चुनौतियों, संकटों का सामना करने से भी पीछे नहीं हटते। वे विपत्तियों को काँटों की तरह कुचल देते हैं। इनसान अगर हिम्मत करे तो वह पत्थर से भी पानी निकाल सकता है। मनुष्य के अंदर एक से बढ़कर एक गुण छिपे हुए हैं। अपने गुणों को पहचानकर सही दिशा में प्रयत्न करना चाहिए तभी हमारा जीवन रोशन हो सकेगा।

अध्यापन संकेत

कविता का सस्वर वाचन करें। बच्चों से मौन पठन करने के लिए कहें। बच्चों से पूछें, सच्चे अर्थों में वीर कौन कहलाता है। कविता में आए कठिन शब्दों का अर्थ समझाएँ। कविता की पंक्तियों का भाव स्पष्ट करें।

सच है, विपत्ति .... राह बनाते हैं।– इन पंक्तियों का अर्थ है कि विपत्ति के समय, कठिनाइयों के कारण जो व्यक्ति अपना संयम खो देता है और पलायन का रास्ता चुनता है, वह कभी वीर की श्रेणी में नहीं खड़ा हो सकता। वह कायर कहलाता है। सच्चा वीर वही होता है जो विपरीत परिस्थितियों में भी संयम नहीं छोड़ता, बड़ी से बड़ी मुसीबत से भी नहीं घबराता और अपने मनोबल के सहारे प्रतिकूल परिस्थितियों को भी अनुकूल बनाने का साहस रखता है।

शूलों का .... छाते हैं।– इन पंक्तियों का अर्थ है कि वीर व्यक्ति विपत्तियों से घबराने के स्थान पर उन्हें जड़ से ही समाप्त करने का प्रयास करते हैं।

मानव जब .... बन जाता है।– इन पंक्तियों का भाव है कि मनुष्य इतना सक्षम एवं समर्थ है कि वह जो चाहे प्राप्त कर सकता है। मनुष्य के साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति के सामने बड़े से बड़े पत्थर भी हिल जाते हैं। इसी का प्रमाण है कि मनुष्य ने पहाड़ के बीच से भी रास्ता निकाल लिया।

पाठ से संबंधित कुछ विशेष बातों पर बच्चों से विचार-विमर्श करें –

- यदि बार-बार प्रयास करते रहने पर भी सफलता न मिले, तब तुम क्या करोगे – क्या निराश हो जाओगे अथवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ोगे?
- जीवन में किसी लक्ष्य का होना क्यों आवश्यक है? क्या तुमने अपने लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है?

डिजीडिस्क (DigiDisc) के माध्यम से कविता की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर कविता के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।